**भारत सरकार**
**महिला एवं बाल विकास मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 2229**
दिनांक 12 दिसंबर, 2025 को उत्तर के लिए

## कर्नाटक में सक्षम आंगनवाड़ी

**2229. श्री ई. तुकारामः**
**श्री बी. वाई. राघवेन्द्रः**

क्या **महिला और बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान कर्नाटक में सक्षम आंगनवाड़ी के रूप में उन्नयन के लिए स्वीकृत, वास्तव में उन्नत किए गए और वर्तमान में कार्यशील आंगनवाड़ी केंद्रों (एडब्ल्यूसी) की जिला-वार संख्या कितनी है और कितनी निधि आवंटित, जारी और उपयोग की गई है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान कर्नाटक में उक्त योजना के अंतर्गत कौशल वर्धन प्राप्त या प्रशिक्षित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और राज्य-स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों की जिला-वार संख्या कितनी है;

(ग) वर्तमान में कर्नाटक में उन्नत आंगनवाड़ी केंद्र से लाभ प्राप्त कर रहे बच्चों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं की जिला-वार संख्या कितनी है;

(घ) कर्नाटक में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के रिक्त पदों की जिला-वार कुल संख्या कितनी है;

(ङ) क्या सरकार को कर्नाटक में आंगनवाड़ी केंद्रों के उन्नयन में किसी देरी या कार्यान्वयन संबंधी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) क्या उक्त राज्य में पोषण ट्रैकर पूरी तरह से कार्यान्वित किया गया है और पोषण एवं सेवा प्रदायगी सम्बंधी डेटा उपलब्ध है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री**
**(श्रीमती सावित्री ठाकुर)**

**(क):** विगत तीन वर्षों के दौरान कर्नाटक राज्य को आवंटित और जारी की गई निधि सहित, उन्नयन के लिए स्वीकृत और वास्तव में उन्नत किए गए तथा वर्तमान में सक्षम आंगनवाड़ी केंद्रों के रूप में कार्यशील आंगनवाड़ी केंद्रों की जिला-वार संख्या **अनुलग्नक-I** में दी गई है।

**(ख):** दिनांक 30.11.2025 तक, कर्नाटक राज्य में पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम के प्रथम चरण के अंतर्गत 2,149 एसएलएमटी और 16,211 आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों को प्रशिक्षित किया गया है।

**(ग):** कर्नाटक राज्य में उन्नत आंगनवाड़ी केंद्रों से लाभ प्राप्त करने वाले लाभार्थियों का जिला-वार विवरण **अनुलग्नक-II** में दिया गया है।

**(घ):** कर्नाटक राज्य में आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों और सहायिकाओं के रिक्त पदों का जिला-वार विवरण **अनुलग्नक-III** में दिया गया है।

**(ङ):** जी नहीं।

**(च):** पोषण ट्रैकर, एक सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी उपकरण है, जिसे कर्नाटक राज्य सहित पूरे देश में आंगनवाड़ी केंद्रों में बुनियादी ढांचे तथा सेवा वितरण एवं निर्धारित संकेतकों पर लाभार्थियों के निगरानी एवं ट्रैकिंग के लिए क्रियान्वित किया गया है। कर्नाटक राज्य सहित सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के पोषण और सेवा वितरण डेटा का विवरण पोषण ट्रैकर के सार्वजनिक डैशबोर्ड पर https://www.poshantracker.in/statistics लिंक पर उपलब्ध है।

*****

**अनुलग्नक I**

**"कर्नाटक में सक्षम आंगनवाड़ी केंद्र" के सम्बन्ध में दिनांक 12.12.2025 को लोकसभा में उत्तर के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 2229 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

विगत तीन वर्षों के दौरान कर्नाटक राज्य को आवंटित और जारी की गई निधि सहित, उन्नयन के लिए स्वीकृत उन्नत किए गए की, और वर्तमान में सक्षम आंगनवाड़ी के रूप में कार्यशील आंगनवाड़ी केंद्रों की जिला-वार संख्या इस प्रकार है:

| क्र. सं. | जिला | सक्षम एडब्ल्यूसी में उन्नयन के लिए स्वीकृत एडब्ल्यूसी की संख्या | सक्षम एडब्ल्यूसी के रूप में उन्नत और कार्यशील एडब्ल्यूसी की संख्या | राज्य को आवंटित निधि (लाख रुपये में) | | | राज्य को जारी की गई निधि (लाख रुपये में) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | वित्तीय वर्ष 2022-23 | वित्तीय वर्ष 2023-24 | वित्तीय वर्ष 2024-25 | वित्तीय वर्ष 2022-23 | वित्तीय वर्ष 2023-24 | वित्तीय वर्ष 2024-25 |
| 1 | बागलकोट | 340 | 340 | **47.39** | **106.8** | **10485.01** | **47.39** | **106.8** | **10485.01** |
| 2 | बेंगलुरु ग्रामीण | 938 | 938 | | | | | | |
| 3 | बेलगावी | 795 | 795 | | | | | | |
| 4 | बेल्लारी | 329 | 329 | | | | | | |
| 5 | बेंगलुरु शहरी | 265 | 265 | | | | | | |
| 6 | बीदर | 83 | 83 | | | | | | |
| 7 | चामराजनगर | 290 | 290 | | | | | | |
| 8 | चिक्कबल्लपुर | 516 | 516 | | | | | | |
| 9 | चिक्कमंगलुरु | 266 | 266 | | | | | | |
| 10 | चित्रदुर्ग | 240 | 240 | | | | | | |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 11 | दक्षिण कन्नड़ | 1384 | 1384 | | | | | | | |
| 12 | दावनगेरे | 637 | 637 | | | | | | | |
| 13 | धारवाड़ | 71 | 71 | | | | | | | |
| 14 | गडग | 808 | 808 | | | | | | | |
| 15 | हासन | 701 | 701 | | | | | | | |
| 16 | हावेरी | 1514 | 1514 | | | | | | | |
| 17 | कलबुर्गी | 542 | 542 | | | | | | | |
| 18 | कोडागू | 73 | 73 | | | | | | | |
| 19 | कोलार | 655 | 655 | | | | | | | |
| 20 | कोप्पल | 276 | 276 | | | | | | | |
| 21 | मंड्या | 515 | 515 | | | | | | | |
| 22 | मैसूर | 2528 | 2528 | | | | | | | |
| 23 | रायचूर | 119 | 119 | | | | | | | |
| 24 | रामनगर | 477 | 477 | | | | | | | |
| 25 | शिमोगा | 997 | 997 | | | | | | | |
| 26 | तुमकुर | 338 | 338 | | | | | | | |
| 27 | उडुपी | 183 | 183 | | | | | | | |
| 28 | उत्तर कन्नड़ | 208 | 208 | | | | | | | |
| 29 | विजयनगर | 753 | 753 | | | | | | | |
| 30 | विजयपुर | 720 | 720 | | | | | | | |
| 31 | यादगिरी | 171 | 171 | | | | | | | |

**अनुलग्नक II**

**"कर्नाटक में सक्षम आंगनवाड़ी केंद्र" के सम्बन्ध में दिनांक 12.12.2025 को लोकसभा में उत्तर के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 2229 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

राज्य से प्राप्त जानकारी के अनुसार, कर्नाटक राज्य में उन्नत आंगनवाड़ी केंद्रों से लाभ प्राप्त करने वाले लाभार्थियों का जिला-वार विवरण इस प्रकार है:

| क्र.सं. | जिला | स्तनपान कराने वाली माताएं | गर्भवती महिलाएं | 0-6 माह के बच्चे | 6 माह-3 वर्ष के बच्चे | 3-6 वर्ष के बच्चे |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बागलकोट | 2,367 | 1,684 | 2,043 | 10,089 | 7,000 |
| 2 | बेंगलुरु ग्रामीण | 2,535 | 3,917 | 2,494 | 17,362 | 12,600 |
| 3 | बेलगावी | 4,572 | 5,442 | 4,508 | 23,245 | 19,996 |
| 4 | बेल्लारी | 2,415 | 3,365 | 2,044 | 13,897 | 9,706 |
| 5 | बेंगलुरु शहरी | 3,836 | 5,661 | 3,823 | 26,764 | 17,153 |
| 6 | बीदर | 870 | 1,012 | 835 | 4,597 | 3,253 |
| 7 | चामराजनगर | 700 | 828 | 684 | 4,096 | 3,694 |
| 8 | चिकबल्लपुर | 2,042 | 2,496 | 2,006 | 11,891 | 8,819 |
| 9 | चिक्कमंगलुरु | 729 | 923 | 726 | 4,265 | 3,285 |
| 10 | चित्रदुर्ग | 1,310 | 1,464 | 1,333 | 7,460 | 6,857 |
| 11 | दक्षिण कन्नड़ | 6,251 | 7,108 | 6,261 | 32,629 | 22,155 |
| 12 | दावनगेरे | 2,839 | 3,056 | 2,735 | 15,218 | 14,255 |
| 13 | धारवाड़ | 983 | 1,136 | 861 | 4,692 | 3,622 |
| 14 | गडग | 4,306 | 5,012 | 4,273 | 22,698 | 19,983 |
| 15 | हासन | 2,162 | 2,635 | 2,032 | 10,892 | 7,483 |
| 16 | हावेरी | 6,757 | 8,410 | 6,724 | 36,327 | 30,086 |
| 17 | कलबुर्गी | 2,392 | 2,879 | 2,325 | 13,398 | 12,726 |
| 18 | कोडागू | 372 | 485 | 380 | 1,985 | 1,170 |
| 19 | कोलार | 1,334 | 1,684 | 1,575 | 8,470 | 6,382 |
| 20 | कोप्पल | 1,537 | 1,892 | 1,526 | 8,041 | 7,609 |
| 21 | मंड्या | 1,534 | 1,628 | 1,508 | 8,496 | 5,217 |
| 22 | मैसूर | 4,979 | 6,019 | 5,009 | 28,041 | 21,445 |
| 23 | रायचूर | 1,749 | 2,078 | 1,656 | 10,130 | 21,862 |
| 24 | रामनगर | 1,147 | 1,362 | 1,188 | 6,331 | 4,616 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 25 | शिवमोगा | 3,418 | 4,560 | 3,225 | 18,720 | 13,292 |
| 26 | तुमकुरु | 1,428 | 1,795 | 1,414 | 7,456 | 8,800 |
| 27 | उडुपी | 649 | 709 | 654 | 2,998 | 2,331 |
| 28 | उत्तर कन्नड़ | 705 | 774 | 711 | 3,657 | 3,911 |
| 29 | विजयनगर | 3,849 | 4,690 | 3,573 | 21,352 | 20,602 |
| 30 | विजयपुरा | 4,809 | 5,783 | 4,473 | 22,892 | 22,660 |
| 31 | यादगिरी | 940 | 1126 | 916 | 5576 | 5,435 |

**अनुलग्नक III**

**"कर्नाटक में सक्षम आंगनवाड़ी केंद्र" के सम्बन्ध में दिनांक 12.12.2025 को लोकसभा में उत्तर के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 2229 के भाग (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

राज्य से प्राप्त जानकारी के अनुसार, कर्नाटक राज्य में आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों और सहायिकाओं के रिक्त पदों का जिला-वार विवरण इस प्रकार है:

| क्र.सं. | जिला | आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों के रिक्त पद | आंगनवाड़ी सहायिकाओं के रिक्त पद |
|---|---|---|---|
| 1 | बागलकोट | 25 | 153 |
| 2 | बेंगलुरु ग्रामीण | 77 | 308 |
| 3 | रामनगर | 72 | 330 |
| 4 | बेंगलुरु शहरी | 63 | 481 |
| 5 | बेलगावी | 36 | 392 |
| 6 | बेल्लारी | 16 | 87 |
| 7 | बीदर | 15 | 207 |
| 8 | विजयपुरा | 80 | 173 |
| 9 | चामराजनगर | 90 | 220 |
| 10 | चिक्कमंगलुरु | 60 | 278 |
| 11 | चित्रदुर्ग | 62 | 215 |
| 12 | दक्षिण कन्नड़ | 42 | 166 |
| 13 | दावनगेरे | 86 | 40 |
| 14 | धरावड़ | 11 | 70 |
| 15 | गडग | 16 | 18 |
| 16 | कलबुर्गी | 99 | 281 |
| 17 | यादगिरी | 62 | 164 |
| 18 | हासन | 53 | 321 |
| 19 | हावेरी | 59 | 164 |
| 20 | कोलार | 89 | 273 |
| 21 | चिक्कबल्लापुर | 41 | 223 |
| 22 | कोडागू | 46 | 73 |
| 23 | कोप्पल | 89 | 823 |
| 24 | मंड्या | 79 | 352 |
| 25 | मैसूर | 45 | 420 |
| 26 | रायचूर | 99 | 200 |
| 27 | शिमोगा | 52 | 405 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 28 | तुमकुरु | 94 | 827 |
| 29 | उडुपी | 12 | 109 |
| 30 | उत्तर कन्नड़ | 39 | 234 |
| 31 | विजयनगर | 18 | 233 |

*****